अपनी बात

अंक : 480, वर्ष 38 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 अगस्त, 2014

स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 68वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 15 अगस्त, 2014 के पावन अवसर पर सीसीएल, मुख्यालय, रांची के महात्मा गांधी क्रीडांगण में सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने तिरंगा फहराया तथा सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया एवं राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर सुरक्षाकर्मियों तथा परेड में शामिल बच्चों एवं सीसीएल कर्मियों को सी एम डी श्री सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। आर्मी बैन्ड के जवानों का आकर्षक बैन्ड प्रस्तुतिकरण तथा डी ए वी, गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की। अवसर विशेष पर शांति एवं प्रगति स्वरूप मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाये। समारोह मे निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी की धर्म–पत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कामना की कि हमारे राष्ट्र की प्रगति यात्रा की निरंतरता बनी रहे ताकि हमारे समाज में कोई गरीब न हो, दुःखी न हो, सभी के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वभावतः हमें अपने पूर्वजों की याद दिला देता है। हमारे वही पूर्वज, जिन्होंने हमारी भारत मां को स्वतंत्र करने के लिए हंसते–हंसते अपने आप को शहीद कर दिए। आज हम सभी उन्हें शत् शत् नमन करते हैं और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्री सिंह ने कोयला उत्पादन प्रेषण के साथ साथ अपने सी एस आर कार्यक्रम के तहत किए जा रहे तथा किए जाने वाले कायाकल्प योजनाओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला एवं कहा कि परिणाम काफी सुखद है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत : समाधान केन्द्र, आपका दरबार, शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल के लाल, डिप्लोमा इंस्टीट्यूट रजरप्पा में खोलने, आई टी आई खोलने, उड़ान, हृदय सुरक्षा अभियान, सुपर स्पेशलिटि सेन्टर, बी पी एल जन आरोग्य केन्द्र, पेयजल आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा कहा कि ये योजनाएं आंशिक रूप में सही लेकिन धरातल पर उतर रही है। इन योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए सभी सीसीएल कर्मियों का आह्वान

आकाश में गुब्बारे उड़ाते सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य अतिथिगण

किया ताकि कम्पनी की पहली प्राथमिकता – ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास को प्राप्त किया जा सके। पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने अबतक के इतिहास का सर्वाधिक 50.146 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया, श्री सिंह ने बताया।

श्री सिंह ने नई परियोजनाओं के संबंध में उल्लेख करते हुए ग्रामीण भाइयों को धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से एक वर्ष में चार नई खदानें पुरनाडीह, बिरसा, कोनार एवं आम्रपाली जैसी खदानें खुल चुकी है और मगध तथा अन्य परियोजनाएं खुलने वाली हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी संवेदनशील है, यहाँ एक एकड़ भूमि के उपयोग के बदले 3.25 एकड़ जंगल लगाती है।

श्री सिंह ने अलग पहचान बनाने के लिए, बच्चों के भविष्य संवारने के लिए, आम जनता को सस्ती बिजली दिलाने के लिए, किसानों को विशेषकर छोटे किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए सीसीएल कर्मियों को अपनी सोच में बदलाव लाने का आह्वान किया तथा प्रति दिन 08 घंटे कार्य करने का निर्देश दिया ताकि सशक्त, समृद्ध एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में कम्पनी सकारात्मक सहयोग कर सके। श्री सिंह ने इस पावन अवसर पर सभी कर्मियों को कम्पनी की ओर से मोबाइल फोन उपलब्ध कराने की घोषणा की ताकि सभी कर्मी एक दूसरे से जुड़े रहें।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री मिश्र ने गांधीनगर अस्पताल के सी एम एस इंचार्ज डा. वी के शर्मा के साथ अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाइयां वितरित की। सीसीएल

परम्परागत आदिवासी लोकनृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं

के राजेन्द्र नगर कॉलोनी तथा जवाहर नगर कॉलोनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

> किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता का मोल नहीं किया जा सकता वह जीवन है, भला जीने के लिए कोई क्या मोल नहीं चुकाएगा?
> – महात्मा गाँधी

औषधालय भवन का शिलान्यास

विगत 15 अगस्त को अपने सी एस आर योजना के अन्तर्गत चेशायर होम, रांची में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं मेकन के सीएमडी श्री ए के त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से एक औषधालय भवन का शिलान्यास किया गया। 660 वर्गफुट में बनने वाले इस भवन की कुल लागत करीब दस लाख रूपये होगी। इस औषधालय के बन जाने से चेशायर होम की ओर से औषधालय चालू किया जायगा जिसमें चेशायर होम तथा आसपास के गरीब एवं असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज हो सकेगा।

औषधीभवन का शिलान्यास करते सीएमडी सीसीएल

इस अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री आर बी प्रसाद के अलावा सीसीएल और मेकन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। चेशायर होम के बच्चों ने अतिथियों के समक्ष आकर्षक रंगारंग नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे सभी ने सराहा।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)